


# एनसीसी कैडेटों को ड्रिल, वैपन ट्रेनिंग एवं मैप रीडिंग का दिया गया प्रशिक्षण

## सुरेन्द्रपॉल ग्रामोदय विद्यालय में 3 एमपी बटालियन रीवा के अन्तर्गत 10 दिवसीय एनसीसी, एटीसी कैंप का आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 20 मई। दीनदयाल शोध संस्थान के शैक्षणिक प्रकल्प सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय चित्रकूट में 3 एमपी बटालियन एनसीसी रीवा के कर्नल संदीप जसपाल के निर्देशन में दस दिवसीय एटीसी.163ए कैंप का आयोजन दीनदयाल परिसर चित्रकूट में किया गया।**

कैंप की जानकारी देते हुए सुबेदार मेजर यशपाल सिंह एवं कैंप एडजुटेंट सेकंड आफीसर मोहित सिंह कपूर ने बताया कि कैंप कमांडर कर्नल संदीप जसपाल के नेतृत्व में इस शिविर में 377 कैडेट्स जो कि 11 संस्थानों से आये थे उन्होंने भाग लिया। फौज की बुनियाद एवं अनुशासन सिखाने हेतु आर्मी के 13 जबानों एवं विभिन्न कॉलेजों एवं विद्यालयो के 10 एएनओ ने नेतृत्व किया।

इस दौरान छात्रों को शहीदो के प्रति आभार व्यक्त कराने हेतु श्रेथ लेथिंग सेरेमनीश् संपन्न कराई गईए जहाँ गार्ड ऑफआनर देकर युद्ध में शहीद हुए सैनिकोंए राष्ट्रीय नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की



गईए जिसमें सुरेन्द्र पाल ग्रामोदय विद्यालय से गार्ड आफआनर में एसडी के 7 छात्र तथा 5 छात्राएं सम्मिलित हुई।

इसके अलाता इस बार जबलपुर के आर्मी रिक्रूटिंग सेंटर से आए कर्नल रितिक जी ने अग्नीवीर योजना की वृहद जानकारी दी तथा भर्ती की पूरी प्रक्रिया बताई।

कैंप में सम्मिलित एनसीसी कैडेटों को ड्रिलए वैपन ट्रेनिंग एवं मैप रीडिंग का प्रशिक्षण संचालित किया गया। इसके अलावा कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं अच्छे नागरिक के गुण एवं राष्ट्रभक्ति से संबंधित कई कक्षाएं भी आयोजित की गई।

शिविर के बौद्धिक सत्र में कैडेट्स को नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित प्रशिक्षण भी दिया गयाए शिविर में कैडेट्स को ड्रिलए मार्च पास्टए वेपन ट्रेनिंग और फील्ड क्राफ्ट एवं मैप रीडिंगए कम्पास का अभ्यास करवाया गया।

समापन अवसर पर कमान अधिकारी संदीप जसपाल ने एनसीसी के द्वारा भारत में युवाओं को अनुशासितए देशभक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जैसी चीजों पे जोर दिया। ताकि युवाओं में कर्तव्यपरायणता और निस्वार्थ सेवा भाव जागृत किया जा सके।

शिविर में सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन सुनील द्विवेदीए लेफ्टीनेंट रीना मालवीय सहित मेजर अंशुमान पाठकए सेकंड आफीसर राजेंद्र श्रीवास ने पूरे समय मौजूद रहकर कैंप की सभी गतिविधियों को सम्पन्न कराया।



# दवा विक्रेता संघ ने सौंपा ज्ञापन

## रोस्टर के अनुसार रात्रिकालीन सेवाएं रहेंगी बंद

नवभारत न्यूज

**नागौद 20 मई। दवा विक्रेता संघ ने बुधवार को ज्ञापन सौंप कर 20 मई से रोस्टर के अनुसार रात्रि कालीन दवा दुकान बंद रखने की बात कही है चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में रोस्टर मुताबिक प्रतिदिन रात्रिकालीन दवा दुकान खोली जाती थी।**

18 मई को सचिन मेडिकल स्टोर सब्जी मंडी के सामने रोस्टर तिथि मुताबिक दवा दुकान का संचालन किया गया लेकिन अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि के समय तकरीबन 1ः00 बजे के बाद दुकान पहुंचकर गाली गलौज मारपीट की गई दुकान खोलने के आदेश तो दिए गए लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं किए गए विभाग के स्पष्ट निर्देश है की रात्रि के समय जो दबाए शासकीय अस्पताल में उपलब्ध है वही दवाएं चिकित्सक लिखें दवा विक्रेता संघ ने अनुविभागीय अधिकारी दडाधिकारी के नाम ज्ञापन सौपकर आज से रात्रि कालीन रोस्टर मुताबिक दवाई दुकान नहीं खोलने का निर्णय किया है।

# नप अध्यक्ष पर 93 हजार के डीजल घोटाले का आरोप

नवभारत न्यूज

**रामनगर 20 मई। जनता की सेवा और ईमानदार राजनीति का दावा करने वाली न्यू रामनगर नगर परिषद की अध्यक्ष अब खुद सवालों के घेरे में हैं।**

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नगर परिषद न्यू रामनगर की अध्यक्ष श्रीमती दीपा (दीपू) मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। आरोप है कि उन्होंने अपने निजी वाहन में नगर परिषद की राशि से डीजल भरवाया और सरकारी पैसे को निजी सुविधा में खर्च किया।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि जिस वाहन में डीजल भरवाया गया, वह नगर परिषद का अधिकृत वाहन ही नहीं था। बावजूद इसके लगातार



पेट्रोल पंप की पर्चियां कटती रहीं और निकाय की तिजोरी से भुगतान होता रहा।

**26 बार भरवाया डीजल, रकम पहुंची 93 हजार पार**-जांच प्रतिवेदन के मुताबिक MP v~ BB 8100 नंबर के निजी वाहन में फरवरी 2024 से जून 2024 तक 26 बार डीजल भरवाया गया। कभी 2000, कभी 4000 तो कभी 5600 रुपये तक की पर्चियां निकलीं। कुल मिलाकर 93 हजार 397 रुपये का भुगतान नगर परिषद के खाते से किया गया।

अब सवाल यह उठ रहा है कि जब वाहन निजी था तो फिर सरकारी खजाना क्यों खुला? क्या नगर परिषद जनता की सुविधा के लिए बनी है या निजी गाड़ियों के डीजल खर्च उठाने के लिए?

**ईमानदार छवि पर शासन का बड़ा तमाचा**-राजनीति में खुद को साफ-सुथरी छवि का बताने वाली अध्यक्ष पर शासन की यह कार्रवाई कई सवाल छोड़ रही है। संभागीय संयुक्त संचालक की जांच में प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता सही पाए जाने के बाद सरकार ने साफ कहा है कि अध्यक्ष का पद पर बने रहना लोकहित में उचित नहीं है। यानि जिस कुर्सी पर बैठकर पारदर्शिता की बातें की जा रही थीं, उसी कुर्सी के नीचे डीजल की पर्चियों का ढेर निकल आया।

# टीआई के खिलाफ में एसडीओपी कार्यालय का घेराव

नवभारत न्यूज

**नागौद 20 मई। पुलिस प्रशासन की लगातार बढ़ रही मनमानी और तानाशाही के विरोध में कांग्रेस जनों ने एसडीओपी कार्यालय का घेराव किया गया। आमजन की आवाज को दबाने और निर्दोष लोगों पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया।**

इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इसी प्रकार अत्याचार जारी रहा, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। जनता के हक और न्याय के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस वरुण गुजर



नगर अध्यक्ष कांग्रेस एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार विनोद विष्णु लोधी विधानसभा उपाध्यक्ष सत्तू कुशवाहा के नेतृत्व में सिंहपुर थाना प्रभारी के विरोध में प्रदर्शन किया।

बताया गया कि पीड़ित युवक की शिकायत पर नाराज थाना प्रभारी ने युवक को पीटा, युवक के कान में आई चोट, नहीं लिखी जा रही युवक की शिकायत, जिसके विरोध में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने एसडीओपी कार्यालय का घेराव कर धरने पर बैठे कार्रवाई की मांग।

## 9 वीं और 10 वीं के जरूरतमंदों के लिए नि : शुल्क कोचिंग

उचेहरा। जैन भवन कटरा ( स्टेशन) में 9 वीं एव 10 वीं के छात्र/छात्राओ के लिए नि : शुल्क भागीरथी कोचिंग सेंटर की शुरुआत की जा रही है जिसमें अनुभवी शिक्षको द्वारा दी जा रही है कोचिंग के लिए प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं वैसे तो 15 मई से प्रवेश प्रारम्भ हो गया हैं और 1 जून से कक्षाएं प्रारम्भ होंगी जिसमे नियमित टेस्ट एव मूल्यांकन, ब्यक्तिगत मार्गदर्शन, बेहतर अध्ययन सामग्री भी बच्चों को दी जाएगी। सेंटर से जु? आयोजन कर्ताओ का कहना है कोचिंग करके जरूरत मंद बच्चों के सपनो को पूरा करने का यह एक छोटा सा प्रयास है बच्चे नि :शुल्क कोचिंग के माध्यम से अपने सपनो की उ?ान को पूराकर सकते हैं चर्चा में आगे यह भी बताया कि कोचिंग के लिए सीट सीमित है कोई जरूरत मंद बच्चा छूट न जाय इसलिए जैन भवन आकर जल्द अपना प्रवेश फार्म भर सकता है ।

# कांग्रेसियों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव, कनिष्ठ अभियंता को सौंपा ज्ञापन

## बढ़े बिजली बिलों से क्षेत्र वासियों को दिलाई जाए निजात : आशुतोष

नवभारत न्यूज

**सतना 20 मई। आज मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव व अखिल भारतीय किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड के प्रभारी तथा चित्रकूट विधानसभा के कांग्रेस नेता ने विद्युत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर विद्युत मंडल कार्यालय मझगवां का घेराव किया।**

जिसमें श्री द्विवेदी ने अपनी मांगों के ज्ञापन में कहा की मझगवां तहसील एवं जनपद मुख्यालय होने के साथ साथ चित्रकूट विधानसभा का केंद्र बिंदु माना जाता है जो एक कस्बा है यहां की आबादी लगभग 20 हजार के आस पास है तथा यहां के रहवासियों को व आस पास के



क्षेत्रवासियों को बड़े हुए बिजली बिल लो वोल्टेज की समस्या, लाइट ट्रिपिंग की समस्या के कारण कई बार विद्युत उपकरण जैसे मोबाइल, टी.वी, फ्रिज, कूलर आदि उपकरण खराब हो जाते हैं जिन्हें सुधार करवाने हेतु हमारी मांगे हैं जैसे मझगवां नगर अंतर्गत गोडान टोला की विद्युत सप्लाई महतैन लाइन से हटाकर मझगवां टाउन से जोड़ी जाए, मझगवां डी.सी अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के बड़े हुए बिलों का सुधार किया जाए, विद्युत मंडल कार्यालय में रात्रि के समय ऑपरेटर नियमित रखे जाएं व आपातकालीन स्थिति में टेलीफोन सुविधा पर उपलब्ध हों, विद्युत मंडल कार्यालय मझगवां के अंतर्गत आने वाले सब स्टेशन बरौंधा क्षेत्र के गांवों खोही, पाथर कछार, रानीपुर, कंदर, चुवा, भीयामऊ, नरदहा, अर्जुनपुर, शाहपुर आदि गांवों में लो बोल्टेज की समस्या से निजात दिलाई जाए, विद्युत मंडल कार्यालय मझगवां की भूमि का सीमांकन करवाकर विद्युत मंडल कार्यालय की समस्त भूमि में बाउंड्रीवाल का निर्माण करवाया जाए इस मौके पर प्रमुख रूप से चिंतन नामदेव, अज्जू त्रिपाठी, संजय गौतम, रामू द्विवेदी, विष्णु त्रिपाठी, सोनू शिवहरे, शंभू द्विवेदी, धनराज यादव, अमृतलाल द्विवेदी, नयन तोमर, अनुज त्रिपाठी, विपिन मिश्रा, साहिल सिंह, गुड्डू यादव, रामजी कोल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सद्गुरु में दिल्ली के आए दो नए चिकित्सक

## दिल्ली के फिजिशियन डॉ . जैनेश जैन एवं डॉ . धर्मेंद्र सिंह देंगे सेवाएं

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 20 मई। परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के अंतर्गत संचालित जानकीकुण्ड चिकित्सालय में अब देश की राजधानी दिल्ली के नामी चिकित्सालयों में अपनी सेवाएं दे चुके दो जनरल फिजियाशन डॉ जैनेश जैन एवं डॉ धर्मेंद्र सिंह अब अपनी निरंतर सेवाएं देंगे।**

श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉक्टर इलेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया की चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में चिकित्सा का काफी अभाव है लोगो को जनरल मेडीशिन संबंधी बीमारियों के लिए अपने लिए और



अपने रोगियों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और यहाँ अच्छे फिजियशनो की कमी होने के कारण बाहर ले जाना पड़ता था और बाहर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए श्री सदगुरू से संघ ट्रस्ट बोर्ड ने ये फैसला लिया कि यहां के क्षेत्र वासियों आम जनमानस को चिकित्सा के लिए कौन कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं जिससे यहां के लोगो बाहर न जाना पड़े इसी को देखते हुए जनरल फिजिशियन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। डॉ जैन ने बताया कि हमारे ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष स्व अरविंद भाई म?त लाल और हमारे ट्रस्टी एवं निदेशक रहे स्व पद्मश्री डॉ बी के जैन का सपना था कि इस ग्रामीण अंचल में भी अच्छे चिकित्सक की जरूरत है जिससे चित्रकूट क्षेत्र सहित आसपास के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके ।आपको बता दे कि डॉ. जैनेश जैन एम बी बी एस और एम डी, डी एन बी मेडिसिन हैं और राममनोहर लोहिया चिकित्सालय नई दिल्ली में अभी तक अपनी सेवाएं दे रहे थे।

## यूपी के मऊ में होने वाले शपथ ग्रहण में जिले के पत्रकार होंगे शामिल

**हिरौंदी।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह चंदेल एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा पुनम सिंह वैश्य एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रेम भुषण पांडे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के 24 मई को यूपी के मऊ में होने वाले शपथ ग्रहण में सतना जिले के पत्रकार शामिल होंगे। मध्यप्रदेश जिला सतना के पदाधिकारी उत्तर प्रदेश के जिला मऊ मधुबन कार्यक्रम में शामिल होंगे भागवत द्विवेदी (राष्ट्रीय संगठन प्रभारी), नरेंद्र पांडे (मप्र महामंत्री), अतुल गौतम (अध्यक्ष सतना), रवि गुप्ता (संभाग अध्यक्ष रीवा), करामत अली (अध्यक्ष उचेहरा), एवं युवा कार्यकर्ता (अनुराग द्विवेदी) शामिल होंगे।

# राधा-कृष्ण मंदिर से धूमधाम के साथ निकली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**अमदरा 20 मई। स्वर्गीय पंडित नरेश गौतम के घर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर बुधवार को राधा-कृष्ण मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों एवं जयघोष के साथ शामिल हुईं। पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।**

कथा वाचक आचार्य कुलदीप मिश्र महाराज के सान्निध्य में निकली यात्रा विभिन्न मार्गों से




होती हुई कथा स्थल स्टेशन रोड अमदरा पहुंची। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कथा स्थल पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक किया जा रहा है। कथा में भगवान की लीलाओं एवं धर्म, भक्ति और संस्कारों का सुंदर वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। कथा श्रोता के रूप में श्रीमती प्रेमलता गौतम, श्रीमती हेमा गौतम है तथा अनुराग गौतम ने अधिक से अधिक लोगों से कथा में पहुंचकर भक्ति रस का लाभ लेने की अपील की।

# चित्रकूट जनपद को देश में मिला 12वां स्थान

## जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में मिली उपलब्धि

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 20 मई। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत सितंबर 2025 की डेल्टा रैंकिंग के आधिकारिक आंकड़े जारी कर दिए गए हैं।**

इस नवीनतम मूल्यांकन में जनपद चित्रकूट ने नीति आयोग के विभिन्न विकास संकेतकों पर अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए देश के कुल 112 आकांक्षी जनपदों की सूची में 12वां स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि जून 2025 की रैंकिंग में जनपद 42वें पायदान पर था। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी प्रशासनिक विज़न और निरंतर की जा रही कड़ाई से मॉनिटरिंग का प्रतिफल है। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खंडों में डेटा-बेस्ड प्लानिंगश् (तथ्यों व सटीक आंकड़ों पर आधारित योजना) को कार्यप्रणाली का मुख्य आधार बनाया गया। नीति आयोग के चौंपियंस ऑफचेंजश् पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले सभी की-परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स की विभागवार व ब्लॉकवार सूक्ष्म समीक्षा सुनिश्चित की गई । विभिन्न विभागों के मध्य सुदृढ़ अंत:संबंध स्थापित कर कोर-इंडिकेटर्स के संतृप्तिकरण पर विशेष बल दिया गया । जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों को बधाई देते हुए निर्देशित किया है कि इस प्रशासनिक गतिशीलता को निरंतर बनाए रखा जाए, ताकि आगामी समीक्षा अवधियों में चित्रकूट देश के शीर्ष 5 जनपदों में अपनी जगह सुनिश्चित कर सके।

## एक नजर में



### गैवीनाथ धाम के नि :शुल्क नेत्र शिविर में मरीजों की उमड़ी भीड़

**बिरसिंहपुर।** श्री गैवीनाथ धाम में 20 मई बुधवार को सद्गुरु सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट एवं सतना के समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वालों के मार्गदर्शन में आयोजित नि :शुल्क नेत्र शिविर में 139 मरीजों का नेत्र परीक्षण योग्य चिकित्सकों द्वारा किया गया इस दौरान 27 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए गए एवं पिछले माह ऑपरेशन हुए मरीजों का पुन : नेत्र परीक्षण कर नजर के चश्मे दिए गए। ऑपरेशन हेतु भर्ती मरीजों को संस्था वाहन से श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट पहुंचाया गया।

### पानी के लिए भटक रहे आवारा गौवंश

**उचेहरा ।** इन दिनो जहां गर्मी का प्रकोप ब? रहा है इंसान तो किसी तरह अपनी प्यास बुझा लेता है लेकिन दूसरी तरफ जिस तरह से आवारा गौवंश, पक्षी पानी पानी के लिए भटक रहे हैं यह किही न कही मानव की संवेदन हीनता का एक ब?ा उदाहरण ही कहा जा सकता है , नगर परिषद द्वारा प्यासे को पानी पिलाने की अभी तक माकूल ब्यवस्था नही की गई जब इंसानों को माकूल सुविधा नही मिल रही भला आवारा जानवरो को पानी की



सुविधा की उम्मीद कैसे । सामाजिक संगठनों द्वारा भी कोई ठोस प्रयास नही किये गये हां कुछ दुकानदार मानवीय संवेदना समझते पानी की व्यवस्था जरूर किये हैं अभी हाल ही में अनुविभागीय कार्यालय में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई है जो अपने आप मे एक अनुकरणीय उदाहरण है ।

### शिव विवाह की मनमोहक प्रसंग की प्रस्तुति

**उचेहरा ।** जनपद पंचायत के ग्राम पोंड़ी गरादा में चल रही नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिवस में कथावाचक पंडित अरुणेश मिश्रा जी ने काम दहन प्रसंग व शिवविवाह का मनमोहक वर्णन किया , जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये । सुंदर सुंदर भजनों के साथ यह कथा सतत 26 मई तक चलती




रहेगी ,सभी श्रद्धालु भक्तों से निवेदन है कि कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्यलाभ अर्जित करें।

# प्रकृति से प्रेम कर प्रकृति प्रेमी बनें : श्रीमद जगतगुरु

नवभारत न्यूज

**सतना 20 मई। क्षेत्र वासियों के सहयोग से ग्राम कुशियरा में रामजानकी शक्तिपीठ पुरानीलंका चित्रकूट पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य श्रीमद जगतगुरु जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में राष्ट्रीय कथा वक्ता माधवाचार्य जी ने कपिल देवहूति संवाद में सांख्य योग की विस्तृत चर्चा कर जनमानस को किया मंत्रमुग्ध।**



इस अवसर पर श्रीमद जगतगुरु जी ने कहा कि विश्व कल्याण की भावना, सद्भावना और सहिष्णुता की पराकाष्ठा, भारतीय संस्कृति का प्रत्यक्ष दर्शन और प्रकृति रचना में संवेदना और मानवता की कोमल भावना का लोच श्रेष्ठता की निशानी है, ईश्वरीय सृजन में हमारी कामना यही है की यह धरित्री स्वर्ग के समान हो, सारी बाधाएं विगलित हों और सद्भावना से हर हृदय सुसज्जित हो और सभी के अधरों पर स्वाभाविक मुस्कान की छटा दृश्य हो। सभी लोग प्रकृति से प्रेम करें। अपने मूल श्रोत की ओर, अपने उद्गम की ओर हम गतिमान हों, तभी तो हम उसके महत्व को समझते हुए उसका संरक्षण कर पाएंगे। हमारे गाँव प्राकृतिक सुषमा और संसाधनों से परिपूर्ण हों। भारतीय अर्थव्यवस्था की री? कृषि हमारे गाँवों का अवदान है। फिर भी हमारे गाँव श्रीहीन हो रहे हैं। अंग्रेजों की कुटिल आर्थिक नीति ने गाँवो के कुटीर उद्योग नष्ट किए और कृषि विकास को भी हतोत्साहित किया। यही ढर्रा स्वतंत्र भारत की सरकारों में भी कायम रहा।

# अध्यक्ष नियुक्त होने पर पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रामशंकर पयासी से की शिष्टाचार भेंट

नवभारत न्यूज

**कोटर 20 मई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटर के नवनियुक्त सभी मंडलम अध्यक्ष एवं कोटर नगर अध्यक्ष ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मी त्रिपाठी के साथ में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी से उनके निज निवास पहुंचकर मुलाकात कर उनसे शिष्टाचार भेंट की एवम संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।**

इस दौरान सभी मंडलम अध्यक्षों का स्वागत करते हुए रामशंकर पयासी ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर



मजबूत बनाने में मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय रहने का आह्वान किया एवम सभी मंडलम अध्यक्षों ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों को बांटी साईकिलें

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय की उपस्थिति में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम चौकीदारों को साइकिलें वितरित की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ग्राम चौकीदार गांव की प्रथम सुरक्षा पंक्ति हैं।

# ग्रामोदय विवि में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 20 मई । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति क्रियान्वयन के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं मनोविज्ञानी प्रोफेसर नंदलाल मिश्र ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न



पहलुओं की जानकारी देते हुए भावनात्मक संतुलन एवं मानसिक सजगता बनाए रखने का संदेश दिया।

नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के लिए योग, ध्यान, सकारात्मक सोच एवं समय प्रबंधन अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं तथा विशेषज्ञों द्वारा उनके सरल एवं व्यावहारिक समाधान बताए गए। कार्यक्रम संचालन कृषि संकाय के समिति सदस्य डॉ. शिवशंकर सिंह ने किया। प्रो. डीपी राय, अधिष्ठाता, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण सहित विनोद गुप्ता एवं कृष्ण दत्त पांडेय आदि इस मौके पर मौजूद रहे